|| शत शत नमन ||

# “शहीद श्री नितिन पी. भालेराव, सहायक कमांडेंट, 206 कोबरा बटालियन”

(दिनाँक 29 नवम्बर,2020)

शहीद श्री नितिन पी. भालेराव, सहायक कमांडेंट, का जन्म दिनांक 21 दिसम्बर, 1986 को नासिक, महाराष्ट्र में हुआ था। उन्होंने पूना यूनिवर्सिटी से बीएससी (कंप्यूटर साइंस) में अपनी शिक्षा संपन्न की। वर्ष में 2010 में शहीद श्री नितिन पी. भालेराव, केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल में बतौर उप निरीक्षक/सामान्य ड्यूटी के पद पर नियुक्त हुए, अपने बुनियादी प्रशिक्षण के उपरांत देश के आंतकवाद, नक्सलवाद से प्रभावित विभिन्न हिस्सों में अपनी सेवाएं प्रदान की। वर्ष 2018 में बतौर सहायक कमांडेंट के पद पर विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से चुने गए एवं आंतरिक सुरक्षा अकादमी माउंट आबू में सहायक कमांडेंट के डिगोज 16वें बैच में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान शहीद श्री नितिन पी. भालेराव, सहायक कमांडेंट को निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा बेस्ट इन आउटडोर ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। शहीद श्री नितिन पी. भालेराव, सहायक कमांडेंट ने डिगोज 16वें बैच की दीक्षांत परेड में बतौर परेड एडजुटेंट कार्य किया। प्रशिक्षण के उपरांत शहीद श्री नितिन पी. भालेराव, सहायक कमांडेंट की तैनाती 206 कोबरा बटालियन में हुई। तैनाती के दौरान दिनांक 28/11/2020 को छत्तीसगढ़ राज्य के सुकमा जिले में ताड़मेटला के पास परिचालनिक ड्यूटी तलाशी अभियान के दौरान नक्सली मुठभेढ में अदम्य साहस, बहादुरी से मुकाबला करते हुए लैंडमाइन ब्लास्ट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें बेहतर उपचार हेतु रायपुर ले जाया गया, जहाँ दिनांक 29/11/2020 को अस्पताल में उपचार के दौरान शहीद हो गए। शहीद श्री नितिन पी. भालेराव, सहायक कमांडेंट के अदम्य साहस, वीरता तथा शहादत को श्री अरुण कुमार, निदेशक/ महानिरीक्षक, श्री के. थोमस जोब, उप महानिरीक्षक (प्रशासन/प्रशिक्षण), श्री के. के. पाण्डेय, कमांडेंट (प्रशासन/प्रशिक्षण) तथा आंतरिक सुरक्षा अकादमी माउंट आबू के सभी राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, एवं जवान अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

डिगोज 16वें बैच के दीक्षांत परेड के मुख्य अतिथि श्री एस.एन. श्रीवास्तव, भापुसे, विशेष महानिदेशक, प्रशिक्षु अधिकारी श्री नितिन पी. भालेराव, सहायक कमांडेंट को ट्रॉफी भेट कर सम्मानित करते हुए।

डिगोज 16वें बैच के दीक्षांत परेड के दौरान श्री नितिन पी. भालेराव, सहायक कमांडेंट कि एक झलक ।

श्री नितिन पी. भालेराव, सहायक कमांडेंट, आंतरिक सुरक्षा अकादमी, माउंट आबू में जंगल प्रशिक्षण के दौरान अभ्यास करते हुए।

शहीद श्री नितिन पी. भालेराव, सहायक कमांडेंट